दिनांक-08.05.2022

**प्रेस विज्ञप्ति**

**माननीय केंद्रीय रेल, कोयला और खान राज्य मंत्री ने रेलटेल द्वारा स्थापित सीएसआर परियोजनाओं और सार्वजनिक वाई-फाई का उद्घाटन किया**

*********

माननीय केंद्रीय रेल, कोयला और खान राज्य मंत्री श्री रावसाहेब पाटिल दानवे ने **रेलटेल (**रेल मंत्रालय के अंतर्गत एक मिनीरत्न पीएसयू) **द्वारा स्थापित** तीन परियोजनाओं का आज (8 मई 2022) उद्घाटन किया: -
(1) महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित सैनिटरी पैड की निर्माण इकाई।
(2) मोबाइल टेली-हेल्थ यूनिट।
(3) श्री गणपति मंदिर परिसर, राजुर, में सार्वजनिक वाई-फाई इंटरनेट सुविधा

स्थानीय जनप्रतिनिधि श्री नारायण कुचे, विधायक, बदनापुर (जालना), श्रीमती आशाताई मुकेश पांडे, सदस्या, जिला परिषद (जालना), श्री भाऊसाहेब भुजंग, सरपंच, राजूर (जालना), श्री संजय कुमार, निर्देशक / NPM, रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, रेलवेज एबं रेलटेल के बरिष्ठ अधिकारीगण भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

माननीय केंद्रीय रेल, कोयला और खान राज्य मंत्री श्री रावसाहेब पाटिल दानवे ने अपने संबोधन में कहा, 'राजूर एक छोटा सा गांव हो सकता है लेकिन यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण जगह है। हमारे यहां हर सप्ताहांत में श्री गणपति मंदिर में 25000 से अधिक भक्त आते हैं। मैं रेलटेल को इस तरह की जगह पर वाई-फाई प्रदान करने के लिए धन्यवाद देता हूं। इस क्षेत्र में सभी के लिए वाई-फाई बहुत जरूरी है, राजूर मंदिर जाने वाले ग्रामीणों को इस सुविधा का पूरा लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि मोबाइल टेली दवाएं स्थानीय क्षेत्र में चिकित्सा सुविधाओं में सुधार के लिए 5 गांवों का दौरा कर सकती हैं और इससे आम लोगों को अत्यधिक लाभ होगा। उन्होंने कहा कि यह माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की है विज़न गांवों में विशेष रूप से महिलाओं के लिए चिकित्सा सुविधाओं में सुधार करने के लिए और उनकी विज़न के कारण ये सुविधाएं राजूर जैसे छोटे गांव में अस्तित्व में आई हैं। उन्होंने मोबाइल वैन और सेनेटरी पैड उत्पादन इकाई की दोनों सीएसआर परियोजनाओं के लिए रेलटेल को धन्यवाद दिया। उन्होंने यह भी कहा कि इस इकाई में निर्मित होने वाले सैनिटरी पैड से ग्रामीण महिलाओं को मासिक धर्म की स्वच्छता में सुधार करने में लाभ होगा।

सेनेटरी पैड निर्माण इकाई और मोबाइल टेली-हेल्थ यूनिट को रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया की सीएसआर पहल के तहत लॉन्च किया जा रहा है। जबकि श्री गणपति मंदिर परिसर राजूर में सार्वजनिक वाई-फाई इंटरनेट सुविधा, ग्रामीण ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने और शहरी ग्रामीण विभाजन को पाटने के लिए रेलटेल द्वारा एक परियोजना के रूप में क्रियान्वित की जा रही है।

**परियोजनाओं का विवरण निम्नलिखित है-**

**मोबाइल टेली-स्वास्थ्य सेवाएं (कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व गतिविधि के अंतर्गत):**

रेलटेल, जो रेल मंत्रालय के अधीन एक मिनीरत्न सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम है, ने एक अत्याधुनिक टेली मेडिसिन वाली एक मोबाइल हेल्थ वैन तैयार की है। यह वैन, ईसीजी मशीन रक्तचाप मशीन, व अन्य टेली मैडिसिन के उपकरण सहित सभी मूलभूत चिकित्सा की सुविधा से लैस है। जिसे प्रशिक्षित डॉक्टर और नर्स द्वारा परिचालित किया जाएगा। स्टाफ के सहयोग और नर्स द्वारा लिए गए बेसिक हेल्थ पैरामीटर इनपुट के आधार पर, उपलब्ध डॉक्टर परामर्श और आवश्यक दवा उपलब्ध कराएगा। परामर्श के साथ-साथ पैथोलॉजिकल टेस्ट दी जाएंगी और आवश्यकता के आधार पर कुछ बेसिक दवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। रोगी अपनी बीमारियों की नियमित जाँच भी करा सकते हैं।

यह मोबाइल वैन कार्यदिवसों में सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक चालू रहेगी और आसपास के गांवों जैसे लोंगांव, केदारखेड़ा, चंदई एको, जावखेड़ा बीके और खुर्दू आदि गाँवों में स्वास्थ्य जांच और दवा की सेवा उपलब्ध करायी जाएगी।

**स्थानीय महिलाओं द्वारा संचालित सेनेटरी नैपकिन उत्पादन इकाई (कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व गतिविधि के अंतर्गत):**

रेलटेल ने एक NGO की सहायता से सैनिटरी पैड उत्पादन इकाई स्थापित की है जिसकी प्रति माह लगभग 50,000 पैड बनाने की क्षमता है। इस फैक्टरी का प्रबंधन 2 स्वयं सहायता समूहों द्वारा किया जा रहा है, समूह में स्थानीय महिलाएं शामिल हैं। रेलटेल ने उन्हें सैनिटरी पैड के उत्पादन, भंडारण और वितरण में प्रशिक्षित किया है। इस इकाई द्वारा उत्पादित होने वाले पैड बहुत सस्ते होते हैं ताकि हमारे गांववासी और निकवर्ती अन्य क्षेत्रों में हर कोई उन्हें खरीद सके। इससे अर्जित धन स्वयं सहायता समूह के सदस्यों को बेहतर जीवन जीने में सहायक होगा। यह सैनिटरी नैपकिन उत्पादन इकाई मासिक धर्म स्वच्छता के प्रबंधन में भी सहायक होगा, जो विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के स्वास्थ्य के सबसे उपेक्षित कारकों में से एक है। जागरूकता की कमी के साथ-साथ सैनिटरी नैपकिन की उच्च लागत उन संकटों के अभिशाप को और बढ़ा देती है। यह तैयार की गयी सैनिटरी पैड की इकाई इस मुद्दे को मूल रूप से हल करने में सहायक होगी।

**श्री गणपति मंदिर परिसर, राज़ुर में नि:शुल्क वाई-फाई सुविधा**

रेलटेल, श्री गणपति मंदिर परिसर, राजूर में, हाई स्पीड रेलवॉयर वाई-फाई उपलब्ध करा रहा है। इस वाई-फाई का उपयोग प्रत्येक वह व्यक्ति कर सकता है जिसके पास सक्रिय मोबाइल कनेक्शन वाला स्मार्टफोन हो।

वाई-फाई का उपयोग करने के लिए-

- अपने स्मार्टफोन पर वाई-फाई मोड चालू करें
- रेलवॉयर वाई-फाई नेटवर्क का चयन करें
- मोबाइल नंबर दर्ज करें और एसएमएस के माध्यम से वन-टाइम पासवर्ड (ओटीपी) प्राप्त करें
- ओटीपी दर्ज करें और हाई स्पीड वाई-फाई प्रयोग करना शुरू करें

यह वाई-फाई हर दिन 1 एमबीपीएस की स्पीड से पहले 30 मिनट के उपयोग के लिए निःशुल्क है। वाई-फाई सुविधा को और अधिक तेज गति से उपयोग करने के लिए, उपयोगकर्ता को मामूली शुल्क देकर उच्च गति वाला प्लान चुनना होगा। ये योजनाएं जीएसटी को छोड़कर 10 रुपए/दिन (5 जीबी @ 34 एमबीपीएस के लिए) से रु. 75 रुपए /30 दिन (60 जीबी @ 34 एमबीपीएस के लिए) तक के पैकेज मे उपलब्ध होती हैं। । इन योजनाओं के ऑनलाइन खरीदने के लिए नेट बैंकिंग, वॉलेट, क्रेडिट कार्ड जैसे कई भुगतान विकल्पों का उपयोग किया जा सकता है।

**रेलटेल के बारे में:**
रेलटेल, रेल मंत्रालय के अधीन एक "मिनी रत्न (श्रेणी- I)" केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम है, जो देश के सबसे बड़े तटस्थ दूरसंचार अवसंरचना प्रदाताओं में से एक है, जिसके पास देश के कई कस्बों, शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों को कॅवर करने वाला एक अखिल भारतीय ऑप्टिक फाइबर नेटवर्क है। ऑप्टिक फाइबर के 61000 से अधिक मार्गकिलोमीटर के एक मजबूत विश्वसनीय नेटवर्क के साथ, रेलटेल के पास दो इलैक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) के पैनल वाले टियर III डेटा सेंटर भी हैं। अपने अखिल भारतीय उच्च क्षमता नेटवर्क के साथ, रेलटेल विभिन्न फ्रंटों पर एक नॉलेज़ सोसाइटी बनाने की दिशा में कार्य कर रहा है और इसे दूरसंचार क्षेत्र में भारत सरकार के लिए विभिन्न मिशन-मोड परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए चुना गया है। रेलटेल एमपीएलएस-वीपीएन, टेलीप्रेजेंस, लीज्ड लाइन, टॉवर को-लोकेशन, डाटा सेंटर सेवाएं आदि जैसी सेवाओं का एक समूह उपलब्ध कराता है। रेलटेल देश भर में रेलवे स्टेशनों पर सार्वजनिक वाई-फाई उपलब्ध कराकर रेलवे स्टेशनों को डिजिटल हब में बदलने के लिए भारतीय रेलवे के साथ भी कार्य कर रहा है और रेलटेल के रेलवॉयर वाई-फाई से 6100+ स्टेशन लाइव हैं।

**अधिक जानकारी के लिए,**
sucharita@railtelindia.com